**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह (सीतापुर स्थानीय प्राधिकारी), मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-26 का उत्तरालेख।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 26- | (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड बिसवां में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शल्य चिकित्सक की नियुक्ति न होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जनपद सीतापुर में 02 शल्य चिकित्सक तैनात हैं, जिनमें 01 चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिश्रिख तथा 01 चिकित्सक ट्रामा सेंटर, सीतापुर में तैनात हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिश्रिख में तैनात शल्य चिकित्सक डा0 अनूप कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिश्रिख के साथ-साथ सप्ताह में 03 दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिसवां में भी कार्य किये जाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। |
| | (ख) उक्त समस्या के निदान हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसवां पर शल्य चिकित्सक की नियुक्ति करायेंगे? | चिकित्सकों की नियुक्ति एक सतत् प्रक्रिया है जो उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर की जाती है। |
| | (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश।